# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16 मार्च 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव की आज होगी घोषणा। दोपहर बाद चुनाव कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देगा निर्वाचन आयोग।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में नई टाउनशिप और स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का किया भूमि पूजन। चार जिलों में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- समाजवादी पार्टी ने तृणमूल कांग्रेस के लिये छोड़ी भदोही लोकसभा सीट। छह अन्य सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा।
- एसटीएफ ने सिपाही भर्ती और समीक्षा अधिकारी परीक्षा के पेपर लीक से जुड़े पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार।

**********

निर्वाचन आयोग आज लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आज दोपहर बाद चुनाव तिथियों का एलान किया जायेगा। इस दौरान लोकसभा चुनाव के साथ ही कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित होंगे।

वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष सोलह जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष दो हजार उन्नीस में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा दस मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल तथा मई में सात चरणों में संपन्न हुए थे।

लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया घोषित होने से पहले कल नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों– ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने कार्यभार संभाल लिया। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों नए चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने बलरामपुर में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के शिलान्यास सहित करीब पन्द्रह सौ करोड़ की चार सौ छाछठ, श्रावस्ती में दो सौ साठ करोड़ से अधिक की इकतीस और सिद्धार्थनगर में करीब उन्नीस सौ करोड़ रूपये की पांच सौ इक्यावन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने एक नयी टाउनशिप और स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का शिलान्यास और भूमि पूजन किया। साथ ही, अट्ठारह सौ अठहत्तर करोड़ रूपये की छिहत्तर परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। गोरखपुर में उन्होंने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में फार्मेसी बिल्डिंग का भूमि पूजन करने के बाद विद्यार्थियों में टैबलेट और स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में असम्भव कुछ भी नहीं है। **बाइट–सीएम–**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रामपुर और मुरादाबाद जिलों के दौरे पर रहेंगे। वह रामपुर में छः सौ दस करोड़ रूपये की चौरासी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे जबकि मुरादाबाद में एक सौ सड़सठ करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद का शिलान्यास करने के साथ ही मुख्यमंत्री पांच सौ तेरह करोड़ रूपये की एक सौ बारह परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। मुरादाबाद के कार्यक्रम से ही मुख्यमंत्री मिर्जापुर में एक सौ पचपन करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय मिर्जापुर का भी वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास करेंगे।

**********

प्रदेश के स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा छह में प्रवेश के लिए मुख्य चयन परीक्षा दो हजार चौबीस पचीस की तिथि घोषित हो गई है। परीक्षा खेलवार और कॉलेजवार आयोजित होगी। तीन अप्रैल से आठ अप्रैल तक होने वाली चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म में अपलोड किए गए प्रपत्रों की जांच के बाद अभ्यर्थियों को प्रतिभाग करने की अनुमति होगी। अलग अलग खेलों के लिए परीक्षा गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर और मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में होगी।

**********

राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के बाद राज्य सरकार ने एक जनवरी दो हजार चौबीस से प्रदेश के बारह लाख पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के लिए महंगाई भत्तों की दर को चार प्रतिशत बढ़ा दिया है। पेंशनरों को अभी तक छियालीस प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते का भुगतान किया जा रहा था। अब इन्हें पचास प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जायेगा। इस संबंध में वित्त विभाग ने कल शासनादेश जारी कर दिया है।

**********

समाजवादी पार्टी ने कल लोकसभा चुनाव के लिये छह प्रत्याशियों की घोषणाकी । इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस के साथ समझौते पर मोहर लगाते हुए पार्टी ने भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस को दे दी है। पार्टी कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बिजनौर से यशवीर सिंह, नगीना सीट से मनोज कुमार, मेरठ से भानू प्रताप सिंह, अलीगढ़ से बिजेन्द्र सिंह, हाथरस से जसवीर

बाल्मीकि और लालगंज से दरोगा सरोज पार्टी के प्रत्याशी होंगे। उधर, समाजवादी पार्टी के साथ समझौते में मिली भदोही लोकसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने ललितेश पति त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित किया है।

**********

आईआरसीटीसी अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को कम्बोडिया के प्रसिद्ध अंकोरवाट मंदिर की यात्रा करने का मौका दे रहा है। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजित सिन्हा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अयोध्याधाम आने वाले यात्रियों के लिये भी अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

***अयोध्या की विजिट को लेकर के लोग इतने उत्साहित है पूरे देश से काफी बड़ी संख्या में लोग अपने–अपने माध्यम से लोग अभी यात्राएं कर रहे है लेकिन आईआरसीटीसी के जो पैकेजेज होते है उनकी भी डिमांड काफी बड़ी है और जितने भी एयर पैकेज है और ट्रेन के जो पैकेजेज पलांड है उन सब को लेकर के काफी इनकरेजमेंट देखने को मिल रहा है। टूरिज्म सेक्टर में और आईआरसीटीसी ने भारत गौरव ट्रेन के माध्यम से आगामी दिनों में कई यात्राएं अयोध्या के लिये प्लान की है जो देश के विभिन्न हिस्सों से चलेंगी।***

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में स्पेशल टास्क फोर्स, एसटीएफ ने बड़ा खुलासा किया है। एसटीएफ ने पेपर लीक कराने वाले गैंग के मुख्य अभियुक्तों अभिषेक कुमार शुक्ला, शिवम गिरी और रोहित कुमार पाण्डेय को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। ये तीनों पेपर प्रकाशित करने वाली कंपनी की तरफ से परिवहन की जिम्मेदारी सम्भालने वाली फर्म के कर्मचारी हैं। इस संबंध में कल लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार और अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अमिताभ यश ने बताया कि जल्द ही कुछ अन्य की गिरफ्तारी भी की जाएगी। वांछितों में गैंग के सरगना बताये जा रहे दो प्रमुख लोग भी शामिल हैं। उन्होने बताया कि पेपर लीक मामले में विभिन्न जिलों में एक सौ अठहत्तर मुकदमें दर्ज कर अब तक तीन सौ निन्यानबे आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

**********

पेपर लीक करने वाले गिरोह पर उत्तर प्रदेश पुलिस की कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस के विशेष जांच दल ने समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। दोनों ही आरोपी प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं, जिन्हें कल लखनऊ में एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था।

**********

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद इस वर्ष भी मथुरा की विश्व प्रसिद्ध होली के अवसर पर व्यापक पैमाने पर रंगोत्सव–दो हजार चौबीस का आयोजन करेगा। ब्रज की होली कल से शुरू हो जायेगी। इस रंगोत्सव को देखने के लिए पूरी दुनिया से श्रद्धालु एवं पर्यटक मथुरा आते हैं। राज्य सरकार ने आस्था के साथ परम्पराओं को भी सम्मान देते हुए इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष की लड्डू होली कल होगी। अट्ठारह मार्च को बरसाना में लट्ठमार होली तथा उन्नीस मार्च को नन्दगांव में लट्ठमार होली का आयोजन किया जाना है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि कल से प्रारम्भ रंगोत्सव का समापन एक अप्रैल को श्री रंगजी मंदिर वृन्दावन में होली खेलने के साथ होगा।

**********